(b) At present there is no proposal to increase the allocation to any State or UT.

मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस के एजेंटों की नियुक्ति

2201. श्री शिव प्रसाद चनपुरिया : क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रसोई गैस का वितरण करने के लिए मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में एजेंट नियुक्त किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो किन-किन स्थानों पर; और

(ग) ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे एजेंट नियुक्त करने के मामले में क्या मानदण्ड अपनाये गये हैं ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ग) एल. पी. जी. की नई डिस्ट्रीब्यूटरशिपें 20,000 और इससे अधिक की आबादी वाले स्थानों पर व्यवहार्यता के आधार पर चरणबद्ध तरीके से खोली जाती हैं, न कि ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों के आधार पर।

Running time of Tamil Nadu Express

2202. SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Government propose to bring down the running time of Tamil Nadu Express so that it reaches the destination by next night ;

(b) if so, by when ; and

(c) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Due to operational constraints.

उत्तर प्रदेश में रेल पुल

2203. श्री ईश दत्त यादव : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में रेलवे के नियंत्रणाधीन कितने रेल पुल हैं ;

(ख) कितने पुलों की मरम्मत किए जाने की जरूरत है ;

(ग) वर्ष 1990–91 के दौरान उनकी मरम्मत पर कितनी धनराशि खर्च की गई; और

(घ) उन पुलों के नाम क्या-क्या हैं जिनकी मरम्मत का कार्य चालू वित्तीय वर्ष के दौरान शुरू किये जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) 15,981।

(ख) 16 ।

(ग) [illegible] का लेखा राज्य-वार नहीं रखा जाता है।

(घ) निम्नलिखित 16 पुलों पर भारी मरम्मत का कार्य चल रहा है :–

पुल सं.	खंड जिस पर स्थित है
11	मुगलसराय–वाराणसी
108, 109 और 110	लखनऊ–कानपुर
1248, 1251, 1258 और 1268	मुरादाबाद–सहारनपुर
158	बालामऊ–उन्नाव
1136	मुरादाबाद–बरेली
163	इलाहाबाद–फाफामऊ
77	मुरादाबाद–गाजियाबाद
242	मैलानी–इज्जत नगर
42	कानपुर–अनवरगंज–कासगंज
34 और 79	लाल कुआं–काशीपुर